हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


13 एमडीयू में 'एक पेड़ दिव्यांग के नाम ...





14 रागनियों से 'दादा लख्मी' फिल्म तक विवि बना ...




## खबर संक्षेप

### गंगवा आज सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे



**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा 16 जुलाई को दोपहर बाद एक बजे पहरावर रोड कन्हैली में स्थित सूर्य कवि बाजे भगत स्मारक पर आयोजित होने वाले विशाल रागनी कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम सूर्य कवि बाजे भगत की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित किया जा रहा है।

### महम में बाढ़ बचाव नियंत्रण कक्ष स्थापित

**महम।** मानसून के मौसम को ध्यान में रखते हुए तथा बाढ़ की तैयारी और प्रतिक्रिया के रूप में प्रशासन द्वारा बाढ़ बचाव नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ बचाव नियंत्रण कक्ष स्थानीय लघु सचिवालय के कमरा नम्बर-6 में स्थापित किया गया है। एसडीएम मुकुंद ने बताया कि उपमंडल में बाढ़ नियंत्रण प्रबंधन और बाढ़ राहत गतिविधियों के समन्वय के लिए बिल क्लर्क कुशल और सिंचाई विभाग के जिलेदार विष्णु की ड्यूटी लगाई गई है। कुशल का मोबाइ नंबरर 9017581767 है व जिलेदार विष्णु का मोबाइल नंबर 8683837028 है। ये कर्मचारी कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेंगे।

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया। एवीटी प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि हाल छोटूराम नगर निवासी अमित की शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

### साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाले काबू




**रोहतक।** साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सेक्टर-27 में स्थित बीपीएल फ्लैटस में ऑनलाइन साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना पर तुंरत कार्यवाही करते हुये पीएसआई बलविंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर पुलिस टीम को छापेमारी के लिए रवाना किया। बीपीएल फ्लैट न. 45जी से एक युवक को मौके से काबू किया गया। काबू किए गए युवक की पहचान जसवीर निवासी गांव मेन गेट, खोतपुरा, चंदोली जिला पानीपत हाल बीपीएल फ्लैटस सेक्टर-27, रोहतक के रुप मे हुई। मौके से 6 स्मार्ट फोन, 28 कीपैड मोबाइल फोन व 3 सिम कार्ड बरामद हुए है।

### फर्स्ट एड होम नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर होगा शुरू

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सांपला उपमंडल में शीघ्र ही फर्स्ट एड होम नर्सिंग ट्रेनिंग का सेंटर शुरू किया जाएगा। अगस्त के पहले सप्ताह से युवाओं को सांपला में ही फर्स्ट एड होम नर्सिंग की ट्रेनिंग, सीपीआर की ट्रेनिंग मिलेगी। कंपनी और फैक्ट्री में भी यह ट्रेनिंग उपलब्ध होगी।

## पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु शहीद लोकेंद्र सिंधु के निधन पर शोक जताने पहुंचे



रोहतक। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र सिंधु के निधन पर शोक जताने देव कॉलोनी स्थित घर पहुंचे। फोटोः हरिभूमि

**रोहतक।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु शहीद स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र सिंह सिंधु के देव कॉलोनी स्थित घर पर पहुंचे। उन्होंने शहीद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिवार जनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि लोकेंद्र सिंह सिंधु सेना में रहकर लगातार देश की सेवा के अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत लोकेंद्र सिंह सिंधु की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### आवेदन 21 जुलाई से 14 अगस्त तक किए जा सकेंगे

## बीएड, एमएड तथा एमएड-स्पेशल एजुकेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी

- कैटेगरी वाइज प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 21 अगस्त को डिस्प्ले की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2025-2026 में बीएड, एमएड, बीएड-स्पेशल एजुकेशन तथा एमएड-स्पेशल एजुकेशन रेगुलर पाठ्यक्रमों में एडमिशन/काउंसलिंग के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। डीन, कालेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. विनीता हुड्डा ने बताया कि एमडीयू से संबद्ध शिक्षण महाविद्यालयों में गवर्नमेंट एडेड तथा एसएफएस प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 जुलाई से 14 अगस्त तक किए जा सकेंगे। कैटेगरी वाइज प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 21 अगस्त को डिस्प्ले की जाएगी। फाइनल मेरिट लिस्ट 29 अगस्त को जारी होगी। पहली काउंसलिंग 2 सितंबर को, दूसरी काउंसलिंग 9 सितंबर को तथा तीसरी काउंसलिंग 16 सितंबर को आयोजित की जाएगी। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### 31 जुलाई तक 10% छूट के साथ कर भुगतान की अपील

# संपत्तिकर बकायेदारों पर नगर निगम की कार्रवाई तेज, चार संपत्तियां सील

- मारुति सुजुकी ने जमा किए 3 करोड़ रुपये
- निगम आयुक्त ने बताया कि सबसे पहले उन संपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है, जिन पर बड़ी राशि बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

नगर निगम ने संपत्तिकर बकायेदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी है। जो उपभोक्ता बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद सम्पत्तिकर जमा नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध सीलिंग की कठोर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी क्रम में निगम की टीम ने मंगलवार को चार सम्पत्तियों को सील किया, जिनमें दुकानें, गोदाम, पीजी और वाशिंग स्टेशन शामिल हैं। कई लोगों ने निगम की कार्रवाई के बाद बकाया जमा करवाया। नगर निगम की यह कार्रवाई गांव बोहर, सेक्टर-34 के नजदीक और देव कॉलोनी जैसे क्षेत्रों में की गई। इन सभी संपत्तियों पर वर्षों से बकाया सम्पत्तिकर था और निगम द्वारा पहले से नोटिस भेजे जा चुके थे।

### राजस्व के लिए कार्रवाई

निगम आयुक्त डॉ. शर्मा ने बताया कि सबसे पहले उन संपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है, जिन पर बड़ी राशि बकाया है। यह कार्रवाई निगम की राजस्व वसूली को सुदृढ़ करने की कोई कमी न हो। निगम द्वारा वसूली के लिए बनाई गई टीमों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे निरंतर फील्ड में जाकर बकायादारों की पहचान करें और आवश्यकतानुसार केवल बकाया वसूली करना है, बल्कि आम जनता को यह संदेश देना भी है कि कर भुगतान में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कार्रवाई करती निगम की टीम




### अतिरिक्त काउंटर लगाए गए

वर्तमान वित्तवर्ष 2025-2026 के लिए हरियाणा सरकार द्वारा 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर पर 10 प्रतिशत की छूट की घोषणा की गई है। इस सुविधा का लाभ अधिक से अधिक करदाता उठा सकें, इसके लिए नगर निगम कार्यालय में अतिरिक्त काउंटर लगाए गए हैं। इसके साथ ही, नागरिकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था भी सुलभ है।

### छूट का लाभ उठाएं

नगर निगम आयुक्त डॉ. शर्मा ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे सरकार द्वारा दी जा रही छूट का लाभ उठाएं और 31 जुलाई तक अपना सम्पत्तिकर समय पर जमा करें। उन्होंने कहा कि सम्पत्तिकर का समय पर भुगतान न केवल नागरिकों की जिम्मेदारी है, बल्कि यह शहर के सतत विकास और मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में भी सहायक है। जो करदाता छूट अवधि में भी भुगतान नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आगामी दिनों में भी निरंतर सीलिंग एवं वसूली अभियान जारी रहेगा।

### सील किया गया मकान




### अब तक की सबसे बड़ी अदायगी

निगम को इस मुहिम के अंतर्गत विशाल राजस्व सफलता भी मिली है। मारुति सुजुकी कंपनी द्वारा लगभग 3 करोड़ रुपये का सम्पत्तिकर जमा करवाया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी अदायगी में से एक है। इसके अलावा नगर निगम कार्यालय में आज ही लगभग 14 लाख रुपये का सम्पत्तिकर नकद जमा किया गया है।

### ताला लगाते



### नोटिस चिपकाई






महम। भैणीसुरजन गांव के सरकारी स्कूल में जमा बरसाती पानी से गुजरते छात्र।

## भैणीसुरजन गांव को बाढ़ग्रस्त घोषित कर मुआवजा दे सरकार

- खेत गांव बारिश के पानी से हुए जलमग्न, सरकारी स्कूल में भी पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महम

भैणी सुरजन गांव की गलियों, बस्तियों और इस गांव के खेतों में भारी मात्रा में बरसाती पानी जमा हो गया है। ग्रामीणों ने सरकार से इस गांव को बाढ़ग्रस्त गांव घोषित करने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने प्रभावित ग्रामीणों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। साथ ही कहा है कि जल्द ही पानी की निकासी की जाए, ताकि गांव में महामारी न फैले। ग्रामीणों ने सरकार से स्पेशल गिरदावरी कर शतप्रतिशत मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इस समय तालाब ओवरफ्लो हैं। गलियों व घरों में पानी घुसा है। खेतों में शत प्रतिशत नुकसान है। साथ ही कहा है कि सरकार द्वारा उनको बिना पोर्टल में उलझाए मुआवजा देना चाहिए। गांव की 13.5 हजार बीघे जमीन में किसानों ने धान की रोपाई की थी। जो जलभराव के कारण नष्ट हो चुकी है।

### एसडीएम ने जलभराव का जायजा लिया

महम के एसडीएम मुकुंद ने मंगलवार को भैणी सुरजन गांव का दौरा कर जायजा लिया। एसडीएम के अलावा तहसीलदार व सिंचाई विभाग के एसडीओ और जेई समेत कई अधिकारी भी गांव में पहुंचे। अधिकारियों ने भैणी सुरजन के साथ साथ आस पास के गांवों का भी दौरा कर जलभराव के हालात देखे।

### पशुओं के लिए चारे की समस्या

ग्रामीण शीलू सिवाच ने कहा कि धान रोपाई के खर्चे के अलावा किसानों के सामने पशुओं के चारे की समस्या भी बनी हुई है। उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग की और कहा कि मुआवजा पूरे गांव को दिया जाए। किसानों के अलावा मजदूरों व अन्य लोगों के सामने भी समस्याएं बनी हुई हैं इसलिए पूरे गांव को मुआवजा दिया जाए। ग्रामीण अमित सिवाच, टीनू, दीपक, कृष्ण कुमार आदि ने बताया कि गांव के युवा गांव को जलभराव से बचाने के लिए लगातार काम में जुटे हुए हैं। वहीं प्रशासन भी भरपूर सहयोग कर रहा। युवाओं ने गांव की फिरनी पर बांध बनया है तथा पानी निकासी के लिए पम्पसेट लगाए हैं।भैणी सुरजन गांव में इस समय जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

### गांव हमायुपुर में पति-पत्नी का झगड़ा

## बीच-बचाव करने पहुंची महिला के भाई को लगी गोली, केस दर्ज

- घायल युवक को पीजीआई में भर्ती करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



गांव हमायुपुर में पति-पत्नी के झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचे महिला के भाई को गोली मार दी गई। गोली लगने से वह घायल हो गया और उसका पैर जख्मी हो गया। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच कोर्ट में केस चल रहा था और इसी विवाद के चलते यह घटना घटी। इसकी सूचना महिला ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार, अशोक निवासी हमायुपुर व दिल्ली निवासी शर्मिला की 2012 में शादी हुई थी। दोनों का किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। अशोक व शर्मिला का पिछले दो साल से कोर्ट में खर्चे का केस चला हुआ है। अशोक लखनऊ रहता है वह अपने गांव आया हुआ था। वह उसकी पत्नी शर्मिला व उसके दो भाई अशोक के पास गांव में आए। इस दौरान दोनों पक्षों में आपस में झगड़ा हो गया और अशोक ने एक हवाई फायर किया और एक गोली शर्मिला के भाई को पैर में मार दी। इसके बाद इसकी सूचना शर्मिला ने आईएमटी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी और घायल युवक को पीजीआई में उपचार के लिए भर्ती करवा दिया है। पुलिस जांच में जुटी है।



### बीएलओ को कल तक 50-50 के बैच में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**रोहतक।** भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार जिला विकास भवन स्थित सभागार में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।ताकि वे अपने कार्य को कुशलता से संपन्न कर सके। अब तक गढ़ी-सांपला-किलोई व रोहतक विधानसभाओं के बीएलओ को प्रथम चरण में प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा दूसरे चरण में 17 जुलाई तक महम व कलानौर विधानसभाओं के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बीएलओ को प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ ऐप व वोटर हेल्पलाइन के हर एक पहलू से जागरूक करवाया जा रहा है ताकि वोट बनाने से संबंधित कार्य को वे आसानी से पूर्ण कर पाए।

### पहल — कलाकार गजेंद्र फौगाट को बनाया गया ब्रांड एंबेसडर

## घर-घर तक चलाएंगे अंगदान जागरूकता मुहिम: डॉ. अग्रवाल

**अब तक 16 किडनी ट्रांसप्लांट की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

अब समय की मांग है कि अंगदान के प्रति हर घर तक जागरूकता फैलाई जाए क्योंकि जिस हिसाब से लोगों के जीवन को बचाने के लिए विभिन्न अंगों की जरूरत पड़ रही है उसके अनुसार अंगदान बहुत कम है। इसके चलते हर साल लाखों लोगों को अपना जीवन अंगों के अभाव में खोना पड़ रहा है। प्रदेश में लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन सोटो द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओसीडी एवं कलाकार गजेंद्र फौगाट को अंगदान जागरूकता का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल का। वे इस संबंध में मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि पीजीआईएमएस रोहतक में स्थित स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन सोटो ने अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने गायक गजेंद्र फौगाट को ब्रांड एंबेसडर बनाया है, जिसका उद्देश्य प्रदेश में अंगदान के बारे में लोगों को जागरूक करना है।



### जागरूकता बढ़ा सकते हैं कलाकार

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कलाकार और मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कलाकारों को लोग सुनते हैं और उनके गानों से प्रेरित भी होते हैं ऐसे में कलाकार लोगों को जागरूक करने में मदद कर सकता है। इसी उद्देश्य से पीजीआईएमएस रोहतक और स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन ने गजेंद्र फोगाट को ब्रांड एंबेसडर बनाया है। डॉ. सिंघल ने कहा कि जुलाई माह को अंगदान जागरूकता माह के तौर पर मनाया जाता है, ऐसे में हमारा प्रयास रहेगा कि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में अंगदान के प्रति शहरों और गांवों में लोगों को जागरूक किया जाए।

### लिवर ट्रांसप्लांट जल्द शुरू होगा

डॉ अग्रवाल ने बताया कि पीजीआइएमएस में किडनी और कॉर्निया ट्रांसप्लांट पहले से चालू है और बहुत जल्दी लिवर ट्रांसप्लांट को शुरू करने की तैयारी भी चल रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 16 मरीजों की किडनी ट्रांसप्लांट हो चुकी है और यह गर्व की बात है कि हमारी सफलता दर 100 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा लिवर ट्रांस्प्लांट जल्द शुरू करने के लिए भी जोरों पर प्रयास किए जा रहे हैं।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

सोटो के नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह ने कहा कि इन प्रयासों से प्रदेश में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इसके महत्व के बारे में जानकारी देने में मदद मिलेगी। गजेंद्र फोगाट की भागीदारी से इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी और लोगों को अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक करने में सफलता मिलेगी। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर दीप्ति ने बताया कि नोटो द्वारा अंगदान जागरूकता के लिए एक हेल्पलाइन 1800114770 भी चलाई जा रही है।



# रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

## लाइफ Style



# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।





# हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



# ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति


**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



# कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

## टीवी मसाला



# जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी जिंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

### इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।




# ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफिलक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।




**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

# नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन





अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

## पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

# ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी


धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।



## एमडीयू में ‘एक पेड़ दिव्यांग के नाम’ पौधरोपण पखवाड़ा संपन्न

# महाअभियान समाज में पर्यावरण संरक्षण और समावेशिता की दिशा में प्रेरक मिसालः कुलपति

कुलपति ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं था बल्कि यह दिखाना था कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से कैसे एक सकारात्मक और समावेशी पहल को सफल बनाया जा सकता है।



हरिभूमि न्यूज ⏩रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित ऐतिहासिक-एक पेड़ दिव्यांग के नाम पौधरोपण पखवाड़ा मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह अभियान समाज में हरियाली के साथ दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता का अनूठा संदेश देने में सफल रहा। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि यह महाअभियान समाज में पर्यावरण संरक्षण और समावेशिता की दिशा में एक प्रेरक मिसाल बना है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं था, बल्कि यह दिखाना था कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से कैसे एक सकारात्मक और समावेशी पहल को सफल बनाया जा सकता है। दिव्यांगजनों की भागीदारी इस अभियान को और भी अधिक गरिमामय बनाती है।

मुख्यातिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर ने एमडीयू की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज की विशेष क्षमता वाले नागरिक हैं। इस तरह के आयोजन उनके आत्मबल को मजबूत करते हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करते हैं। डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि सामाजिक समावेशिता की दिशा में भी एक प्रेरणा स्रोत है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने कहा कि एक पेड़ दिव्यांग के नाम अभियान ने विश्वविद्यालय की संवेदनशीलता और समर्पण को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि हर लगाया गया पौधा हमारे सामाजिक मूल्यों और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक है।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर दिव्यांग प्रोफेसर डॉ. अर्चना ने भाग लिया। उन्हें मंच पर ई-चेयर (इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर) के माध्यम से सम्मानित किया गया, जो विश्वविद्यालय की समावेशी सोच और तकनीकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। डॉ. अर्चना ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रकृति और इंसान के बीच यह संवाद तभी सफल होता है जब सभी वर्ग इसमें बराबरी से भाग लें।

निदेशक, कैंपस फॉरेस्ट्री एंड प्लांटेशन ड्राइव प्रो. सुरेन्द्र यादव ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक पर्यावरणीय पहल नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समावेशिता, पर्यावरण संरक्षण और दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा। निदेशक हॉर्टिकल्चर प्रो. दीपक कौशिक ने कहा कि यह पौधारोपण अभियान हरियाली और संवेदनशीलता का सार्थक संदेश देने वाला साबित हुआ है।

समापन सत्र का आयोजन यूथ रेड क्रॉस तथा यूनिवर्सिटी आउटरीच के तत्वावधान में किया गया। निदेशक, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रो. अंजू धीमान ने समापन सत्र के प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और इस महाअभियान को विशेष बताया। चीफ कंसल्टेंट आउटरीच प्रो. राजकुमार ने इस कार्यक्रम को अनूठा बताते हुए समाज के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया। प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सुनील जागलान ने एमडीयू एलुमना पद्माजय के आइडिया डैफेटेरिया को विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक आविष्कार बताया। उन्होंने एक पेड़ दिव्यांग के नाम कार्यक्रम को महाअभियान बताया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. हरीश कुमार, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, डीन, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. एससी मलिक, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, डीन मैनेजमेंट एंड कामर्स प्रो. राजपाल, डीन, लाइफ साइंसेज प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ, लाइब्रेरियन डा. सतीश मलिक, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, डिप्टी डीन प्रो. सोनू, सीडीएस निदेशिका प्रो. प्रतिमा देवी, निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया, चीफ कंसल्टेंट सीडीएस प्रो. राधेश्याम, प्रो. अंजू धीमान, प्रो. सुरेंद्र यादव, प्रो. दीपक कौशिक, एक्सईएन जेएस दहिया, प्रो. आशा शर्मा समेत विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारीगण, कर्मी, शोधार्थी, विद्यार्थी, सिरतार के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक एवं शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



## कुकिंग प्रतियोगिता में रोजी प्रथम

रोहतक। राजकीय माध्यमिक विद्यालय जिला कारागार में कुकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। विद्यालय इंचार्ज नीलम देवी, मुख्याध्यापिका पूनम, बबीता, सीमा, सरिता, भावना, निर्मला, समरिता, सुमन, अंजू, प्रीती वत्स व मोनिका द्वारा मिड डे मिल में पौष्टिक आहार के बारे प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें माध्यमिक विद्यालय से रोजी ने प्रथम स्थान व प्राथमिक विद्यालय से सुनीता ने दितीय स्थान प्राप्त किया।



## एसआरएस पब्लिक स्कूल में वेब सीरिज के लिए बच्चों ने दिए ऑडिशन

रोहतक। आईएमटी स्थित एसआरएस पब्लिक स्कूल में अमेजॉन प्राईम के लिए एंटी कास्टिंग एजेंसी द्वारा एक वेब सीरिज के ऑडिशन हुए, जिसमें 8वीं व 9वीं के बच्चों ने आडिशन दिया। साथ ही स्कूल के प्रांगण में 12 गाम फिल्म की शूटिंग भी हुई जिसमें डायरेक्टर वेद प्रकाश के. हैं। जिन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। जैसा कि नाम से ही जाहिर है 12 गाम, इसमें युवा पीढ़ी के विचारों पर प्रकाश डाला गया है और इस पूरी घटना का परिवार व समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है यही फिल्म में दिखाया जाएगा। कहानी भावपूर्ण बनी है। फिल्म में कैमरा किया है शुभ ने जो बेहतरीन कैमरामैन है। फिल्म में आर्ट वर्क किया है मंदीप दहिया ने जो कि हिसार से हैं फिल्म में लोकेशन साउंड को रिकार्ड किया है साहिल ने जो पडिंत ल. यूनिवर्सिटी का छात्र है। लाईट टीम चडीगढ़ से आई है। फिल्म में कलाकारों का मेकअप किया है नेहा ने जबकि फिल्म में मुख्य भूमिका ऑविंद यादव और अभिनेत्री साक्षी दलाल ने निभाई है। कास्टयूम राजिन्दर कौर ने किया है और कार्यकारी निर्माता अकुंश हैं जबकि प्रोडेक्शन मैनेजर सुरेन सावित्री सरकार हैं। फिल्म के सभी मेम्बर्स से मिलते हुए स्कूल के प्रिसिंपल डा. सुमित शर्मा ने खुशी जताई कि उनके स्कूल को शूटिंग और ऑडिशन के लिए चुना गया। प्रिसिंपल डॉ सुमित शर्मा ने फिल्म प्रोडेक्शन के सभी कलाकारों व अभिनेताओं को उनकी मेहनत व लगन की सराहना करते हुए उनका अभिवादन किया।

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों का कुराश जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



रोहतक। राजीव गांधी खेल स्टेडियम में रविवार को आयोजित हरियाणा राज्य उप-जूनियर कुराश जूडो प्रतियोगिता 2025-26 में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए। जूडो सेंटर के कोच विकास मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि सब-जूनियर वर्ग के 40 किलोग्राम भार श्रेणी में हीरेन सहारण ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं लड़कियों के 32 किलोग्राम भार वर्ग में रिया ने स्वर्ण पदक तथा 36 किलोग्राम भार वर्ग में अवनी ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय व अभिभावकों को गौरवान्वित किया। हीरेन सहारण और रिया के बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया है। बच्चों की शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधन महोदय श्री राजेश सांगवान जी व प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा सांगवान जी ने कोच विकास मलिक व विजेता खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और आगामी राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतिस्पर्धा के लिए शुभ आशीष दी।

## कलानौर ब्लॉक में हुआ खंड स्तरीय रंगोत्सव कार्यक्रम

- महिला तथा पुरुष दोनों वर्गों के शिक्षकों की रही भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ⏩रोहतक

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में प्राचार्य सुरेंद्र कुमार लाकड़ा की अध्यक्षता में 14 जुलाई को रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में कला, संगीत और संस्कृति का जीवंत उत्सव देखा गया। नोडल अधिकारी सुरेंद्र लाकड़ा के नेतृत्व में और बीआरपी अरविंद विकास तथा प्रवक्ता राकेश कुमार के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में कलानौर ब्लॉक के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, स्वर संगीत, वाद्य संगीत, 2डी और 3डी दृश्य कला सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों के उत्साह और जुनून की तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की।

उन्होंने कहा कि रंगोत्सव ने शिक्षकों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया, जिससे सौहार्द और रचनात्मकता को बढ़ावा मिला। फोक डांस तथा क्लासिकल डांस, थिएटर, वोकल म्यूजिक तथा इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक की बेहतरीन प्रस्तुति के साथ साथ विजुअल आर्ट्स के अंतर्गत बनाई गई कलाकृतियों को उपस्थित सभी दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

निर्णायक मंडल की भूमिका ब्लॉक के श्रेष्ठ शिक्षकों ने निभाई जिनमें दर्शना, मधुबाला, कविता, प्रिंसी, सीमा प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता अध्यापकों के नामों की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि सुनीता चहल ने विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र लाकड़ा एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों के अथक प्रयासों की सराहना की। एनएसएस वॉलंटियर्स के प्रयासों की भी उन्होंने हृदय से सराहना की।

समारोह की व्यवस्थाओं में स्कूल स्टॉफ की ओर से प्रवक्ता राकेश कुमार, अशोक कुमार, संजीव, इंदु, रानी देवी एवं वॉलंटियर छात्रों का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ. अलका मदान ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य सुरेंद्र लाकड़ा ने मुख्य अतिथि तथा आयोजक टीम का आभार प्रकट किया। सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को भी बधाई दी। कार्यक्रम की सफलता के पीछे नोडल अधिकारी सुरेंद्र लाकड़ा, बीआरपी अरविंद विकास, प्रवक्ता राकेश कुमार और समस्त विद्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में अंतर कक्षा अंग्रेजी नाट्य प्रतियोगिता आयोजित

रोहतक। जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में आज कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-कक्षा अंग्रेजी नाट्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति की क्षमता तथा अंग्रेजी भाषा में प्रवाह को विकसित करना था। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक, शैक्षणिक एवं प्रेरणात्मक विषयों पर आधारित नाटकों का प्रभावशाली मंचन किया। बच्चों की अभिनय क्षमता, संवाद अदायगी और प्रस्तुति कौशल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुति की मौलिकता, अभिनय, उच्चारण एवं समग्र प्रभाव के आधार पर विजेताओं का चयन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया रेखा गुलिया ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की डायरेक्टर डॉ. मनीषा मायना ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास तथा भाषा पर पकड़ विकसित करने में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने सभी विजेता छात्रों को शुभकामनाएं दीं। एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर अनीता वर्मा भी मौजूद रहे।



## पौधरोपण महोत्सव सम्पन्न

रोहतक। भारत विकास परिषद् सेक्टर शाखा द्वारा जाट महाविद्यालय परिसर में अपनी महिला विंग के सहयोग से ‘एक पौधा मां के नाम’ विषय पर भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फलदार, छायादार, सजावटी पौधों के साथ-साथ त्रिवेणी का भी रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मराज, उपाध्यक्ष जाट एजुकेशन सोसायटी, विपिन कुमार, जीएम रोडवेज तथा शुभम, ओएसडी कमिश्नर कार्यालय उपस्थित रहे। डॉ. जोगेन्द्र दहिया (कार्यवाहक प्राचार्य), प्रो. डॉ. मनीष नांदल, डॉ. उषा छिल्लर, डॉ. जसमेर हुड्डा, एसोसिएट प्रोफेसर दयानंद मलिक तथा महिला संयोजिका वीना फोगाट का विशेष सहयोग रहा। परिषद अध्यक्ष रमेश अहलावत ने बताया कि “हम 1000 पौधे लगाने का संकल्प ले चुके हैं, जिनमें से अब तक 500 फलदार और छायादार पौधे विद्यालयों, महाविद्यालयों व पार्कों में लगाए जा चुके हैं। शीघ्र ही 108 त्रिवेणी भी रोपी जाएंगी। एमएल अरोड़ा, पर्यावरण संयोजक बीवीपी, ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में त्रिवेणी का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में एलएम ढींगरा, अशोक मल्होत्रा, योगेश खुराना, वीणा फोगाट, सुदेश अहलावत, संतोष राघव, सविता मलिक, सरोज कुंडू, जयभगवान काद्यान सोनू, सतबीर मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने जन्मदिन पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏩रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के जन्मदिन पर रोहतक को ग्रीन सिटी बनाने के संकल्प के साथ सैकड़ों पौधे लगाए वहीं कई जगह रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। हरियाणा के नव नियुक्त राज्यपाल असीम कुमार घोष ने कोलकाता से फोन करके, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों सहित अनेक नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

वहीं, जन्मदिन के मौके पर दिल्ली रोड स्थित कैंप कार्यालय में भव्य सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इससे पहले, पूर्व मंत्री ग्रोवर ने डीएलएफ कॉलोनी स्थित निवास स्थान पर हवन यज्ञ किया। सुबह लखीराम अनाथालय पहुंचकर अनाथ बच्चों के साथ भोजन कर उन्हें उपहार दिए। वहीं, नवजात नन्ही परी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। महाराजा अग्रसेन कम्युनिटी सेंटर नजदीक सुनारिया चौक के प्रांगण में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में मेयर राम अवतार वाल्मीकि, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल सहित सभी पार्षदों और पूर्व पार्षदों ने पगड़ी पहनाई। सुंदरकांड पाठ में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर रामबिलास शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, हिमांशु ग्रोवर, पवन आहूजा, प्रिंस चावला, दीपक ग्रोवर सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारियों, पार्षदों, कार्यकर्ताओं और आमजन ने शिरकत की।





## पौधरोपण करके मनाया पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के जन्मोत्सव

रोहतक। श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में हिंदू शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के जन्मोत्सव पर पौधरोपण समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर को हिंदू प्रबंध समिति के पदाधिकारीगणों की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। ग्रोवर व हिंदू प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारीगणों द्वारा डॉ. मंगल सेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। ग्रोवर ने पर्यावरण संतुलन की दिशा में शुरुआत करते हुए महाविद्यालय प्रांगण में कल्पवृक्ष का पौधरोपण किया। संस्था के सभी पदाधिकारीगणों द्वारा 100 से अधिक पौधरोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के छात्र अच्युतम को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, चीन में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 86220/- सहायता राशि महाविद्यालय द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी प्रिंस ने कुछ गीतों के माध्यम से मंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।




## एक दिवसीय शिविर का आयोजन

रोहतक। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रभारी देवेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना का अर्थ ओर उद्देश्य समझाते हुए शिविर की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम अधिकारी पुष्पा ने पर्यावरण पर जागरूकता रैली निकाली और गांव में जाकर नशा मुक्ति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का किया। सभी स्वयं सेवकों ने स्कूल परिसर की साफ सफाई की। प्रत्येक स्वयं सेवक ने स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम का रोपित किया। आज की मुख्य अतिथि कुमारी यक्षिता (बाल मनोवैज्ञानिक) ने सभी स्वयं सेवकों को मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता व्याख्यान देते हुए समझाया के मानसिक स्वास्थ्य क्यों जरूरी है और ठीक रखने के लिए क्या उपाय करने चाहिए। इस मौके पर स्कूल से प्रवक्ता सुनीता हिंदी, पूनम राजनीतिक विज्ञान, पिंकी अर्थशास्त्र, ममता संस्कृत और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# हिपा के नाटक ‘डेढ़ इंच ऊपर’ का हुआ सातवां

हरिभूमि न्यूज ⏩रोहतक



‘आप उसे घर कहते हैं, वह तो महज ईंट गारे का एक मकान है, जनाब। उसे घर बनाने का हुनर तो एक औरत में ही होता है।’ यह संवाद है प्रसिद्ध साहित्यकार निर्मल वर्मा की कहानी पर आधारित हिंदी नाटक डेढ़ इंच ऊपर का, जिसका सातवां सफल मंचन भव्य एंटरटेनमेंट स्टूडियो दिल्ली में किया गया। हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ परफोर्मिंग आर्ट्स (हिपा), रोहतक द्वारा भव्य कल्चरल सोसायटी के सहयोग से प्रस्तुत इस एकल नाटक में ललित खन्ना ने मुख्य भूमिका निभाई और अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों की भरपूर वाहवाही बटोरी। नाटक का निर्देशन जाने माने रंगकर्मी विश्वदीपक त्रिखा ने किया। सहायक निर्देशक रहे अविनाश सैनी। सेट डिजाइन मनीष खरे ने किया तथा संगीत व प्रकाश संयोजन जगदीप जुगनू का रहा। कार्यक्रम का समन्वय वरिष्ठ नकारावादक सुभाष नगाड़ा ने किया।

जर्मनी में हिटलर के अत्याचारों के दौर को प्रदर्शित करने वाला ‘डेढ़ इंच ऊपर’ मानवीय संवेदनाओं की कहानी है, जो इंसान के अकेलेपन, वैचारिक द्वंद्व और रिश्तो में पैदा होने वाले अविश्वास से उपजी निराशा को बड़े ही सहज ढंग से सामने लाता है। नाटक पुरुषों के जीवन में स्त्री के महत्व को भी रेखांकित करती है। असल में, बार में बैठा एक व्यक्ति अनजान लोगों को अपने जीवन की कहानी सुनाता है। भीड़भाड़ के बीच भी खुद को अकेला महसूस करने वाला वह व्यक्ति अपने जीवन की घटनाएं परत दर परत दर्शकों के साथ साझा करने लगता है। उसकी पीड़ा और अकेलेपन का कारण उसकी दिवंगत पत्नी होती है, जिसे वह बहुत प्यार करता था।

उसे लगता था कि उसकी पत्नी उससे कुछ नहीं छुपाती और वह उसके बारे में सब कुछ जानता है। परन्तु एक दिन उसकी पत्नी को पुलिस पकड़ कर ले जाती है और बाद में उसकी हत्या कर देती है। पुलिस से उसे पता चलता है कि वह हिटलर के खिलाफ षड्यंत्रों में शामिल थी और भूमिगत क्रांतिकारियों की नेता थी।

पुलिस समझती है कि उसे अपनी पत्नी के सभी राज मालूम होंगे, इसलिए वह उसे भी टॉर्चर करती है। लेकिन उसे पुलिस द्वारा दी गई प्रताड़ना की इतनी पीड़ा नहीं थी जितनी इस बात की थी कि जो महिला पत्नी के रूप में उस के साथ 18 साल तक रहती रही, उसने उसे अपने जीवन के इतने बड़े रहस्य की भनक तक भी नहीं लगने दी थी। नाटक के दौरान भव्य कल्चरल सोसायटी के निदेशक संजय अमन पोपली, समाजसेवी सुनील धींगड़ा, कवीन्द देवगण, मंजीत सिंह सेठी, उर्वशी चौहान, अर्चना घई सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930
HARTRON SKILL CENTRE
NCVET Recognised
हारट्रोन से जुड़ने का सही समय यही है
Hartron Courses Are Aligned With NSQF
हारट्रोन से कंप्यूटर कोर्स करने के बाद SETC (Part-1) से छुट प्राप्त है
Website : www.hartron-rohtak.com

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
सभी सरकारी सेवा में मान्य
- आंगनबाड़ी सुपरवाईजर / सहायक / कार्यकर्ता
- PHYSICIAN ASSISTANT
- MULTI PURPOSE HEALTH WORKER
- HEALTH SANITARY INSPECTOR
- AYURVEDIC PHARMACY (DAP)
- DENTAL HYGIENIST / MACHENIC
- C.M.S. & ED / FIRST AID
- MEDICAL LAB/ X-RAY TECH.
- OPRATION THEATORE TECH.
- OPTHALMIC ASSISTANT (DOA)
- COMMUNITY HEALTH/EMT
- FOOD SAFETY / VETERNARY INSPECTOR
- PLASTER, DRESSER, NTT, PT, CTT
- BAMS (ALT), BEMS (EH)
Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221

## खबर संक्षेप



### समाजसेवी ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

**रोहतक।** समाजसेवी धर्म सिंह प्रजापति ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सेक्टर-2 स्थित परशुराम पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया और लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पंडित जगदीश शर्मा, जसबीर कुमार, अमित, नितिन, प्रकाश सोनी, रामरति, रोशनी, माहिरा, लकी समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने धर्म सिंह के इस कार्य की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों में सहयोग देने का संकल्प लिया।

### नेत्रदानी परिवार को सम्मानित किया



**रोहतक।** स्वास्थ्य विभाग ने शिलावंती मक्कड़ के परिवार को मातूराम कम्युनिटी सेंटर में आयोजित प्रेरणा दिवस ( रस्म पगड़ी )पर अपने संदेशवाहक पूर्व नेत्र अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा के माध्यम से शोक संदेश एवं प्रशंसा पत्र भेजा। अपने शोक संदेश में डॉ रमेश आर्य ने शिलावंती माकड़ के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया और परिवार का नेत्रदान करवाने के लिए धन्यवाद किया।

प्रेरणा दिवस पर बोलते हुए निरंकारी मिशन जोनल इंचार्ज भिवानी बलदेव राज नागपाल ने कहा कि जीना उसी का है जो औरों के लिए जिया जाए, हमें अपनों के लिए अपना फर्ज निभाना है और नेत्रदान दान अभियान में सार्थक योगदान देना है।

### प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने सीडीओई के निदेशक का कार्यभार संभाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. गुलशन लाल तनेजा ने मंगलवार को सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया। उन्हें यह जिम्मेदारी पूर्व निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल द्वारा औपचारिक रूप से सौंपी गई। प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताते हुए कहा कि वे दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और नवाचार को प्राथमिकता देंगे, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक सुलभ और प्रभावी शिक्षा पहुंचाई जा सके। पूर्व निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल ने प्रो. गुलशन लाल तनेजा को बधाई दी।

# रागनियों से 'दादा लख्मी' फिल्म तक विवि बना लोककला का उत्सव स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी-सुपवा) में मंगलवार को सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद की जयंती के उपलक्ष्य में एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक आयोजन किया गया। यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय ने अपने नामगुरु पंडित लख्मीचंद की स्मृति में इतने बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें हरियाणवी लोकसंस्कृति, साहित्य और कला की त्रिवेणी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे बॉलिवुड अभिनेता यशपाल शर्मा के भाषण व पंडित लख्मीचंद के प्रपौत्र पंडित विष्णु दत्त द्वारा भावपूर्ण रागनियों की प्रस्तुति से हुई। पारंपरिक लोकधुनों में गूंजते दादा लख्मी के दोहे और गीतों ने सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुलपति डॉ. अमित आर्य ने इस आयोजन को केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनःस्थापन का एक सार्थक प्रयास बताया। कहा कि सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद केवल एक लोककवि नहीं थे, बल्कि हरियाणा की आत्मा और ग्रामीण चेतना के प्रतीक थे।

## डीएलसी-सुपवा में सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद की जयंती पर सांस्कृतिक श्रद्धांजलि का आयोजन

### ऑडिटोरियम में लख्मीचंद की बायोपिक देखी

*विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में पंडित लख्मीचंद के जीवन पर आधारित बायोपिक 'दादा लख्मी' का विशेष प्रदर्शन हुआ। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ अभिनेता यशपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, यह भूमिका निभाना सौभाग्य और जिम्मेदारी दोनों रहा। यह परिसर वास्तव में संस्कृति की आत्मा को समझता है।*







### यशपाल शर्मा का सम्मान

कुलपति डॉ. अमित आर्य द्वारा यशपाल शर्मा एवं फिल्म की टीम को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पंडित लख्मीचंद के परिवारजनों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्षों से उनकी सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखा। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, विद्यार्थी, नवोदित फिल्मकार, और हरियाणवी लोककला प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। परिसर को पारंपरिक लोकचित्रों से सजाया गया, जो परंपरा और नवाचार का सुंदर संगम प्रस्तुत करता था।

### दादा लख्मी चंद की रचनाओं में लोकसंस्कृति की गहराई है : वीसी

कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा कि दादा लख्मी चंद की रचनाओं में जीवन के मूल भाव, सामाजिक संदेश और लोकसंस्कृति की गहराई समाहित है, जो आज भी समाज को दिशा देती हैं। रजिस्ट्रार गुंजन मलिक ने कहा कि जब कवि, कलाकार और विद्यार्थी एक मंच पर आते हैं, तो वह क्षण केवल स्मरण का नहीं, बल्कि संस्कृति को पुनर्जीवित करने का संकल्प बन जाता है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य ऐसी परंपराओं को वर्तमान से जोड़ना और भविष्य तक पहुंचाना है। इस अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, संभागीय आयुक्त पी.सी. मीणा (आईएएस), एसपी नरेंद्र बिजारणिया सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

बीती 30 जून तक भी हालात अन्य वर्षों से अलग नहीं

# 3 साल में लाखनमाजरा ब्लॉक में सबसे कम बरसात हुई

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

रोहतक जिला का कुल क्षेत्रफल 1,668 वर्ग किलोमीटर है। अगर महम को अपवाद मान लें तो मुख्यालय से किसी भी दिशा में 20-25 किलोमीटर इधर-उधर चलते ही दूसरे जिले की सीमाएं प्रारंभ हो जाती हैं। इस समय मानसून सीजन चल रहा है। बरसात को लेकर ही हम आपको कुछ तथ्यों से अवगत करा रहे हैं। तथ्य यह है कि जिले में बीते तीन साल में लाखनमाजरा ब्लॉक में सबसे कम बरसात हुई। चालू मानसून सीजन में भी अन्य सीजनों की तरह ही गत 30 जून तक लाखनमाजरा क्षेत्र में कम बारिश दर्ज की गई है। कम बरसात होने का असर खेती पर नहीं पड़ता है। गत जून में जमीनी पानी का स्तर 4.06 मीटर था। एक अच्छी बरसात हो जाए तो फसलों को प्रचुर मात्रा में पानी मिल जाता है। अगर दो अच्छी बारिश हो गई तो फिर फसलें तबाह होने में भी देरी नहीं लगती। लाखनमाजरा खंड के किसानों का कहना है कि धान रोपाई के समय एक अच्छी बारिश हो जाती है तो फसल पार उतर जाती है।

### 2024 में लाखनमाजरा खंड में मात्र 255 मिलीमीटर बारिश



जिला राजस्व विभाग से प्राप्त डाटा के मुताबिक साल 2024 में लाखनमाजरा खंड में मात्र 255 मिलीमीटर बारिश हुई थी। जबकि रोहतक में 465 मिलीमीटर है। यानी रोहतक में लाखनमाजरा से लगभग-लगभग दोगुना ज्यादा पानी गिरा। इसी प्रकार महम में 403, सांपला में 410 और कलानौर खंड में 502 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। साल 2023 में लाखनमाजरा में 470, कलानौर में 330, सांपला में 439, महम में 360 और रोहतक ब्लॉक में 514 एमएम बारिश हुई। 2022 में लाखनमाजरा में 576, महम में 588.6, सांपला में 580, कलानौर में 657 और रोहतक में 677 एमएम दर्ज की गई थी। मानसून 2025 में 30 जून तक लाखनमाजरा में 64, रोहतक में 120, सांपला में 142, महम में 222 और कलानौर में सबसे ज्यादा 252 बरसात हो चुकी है।

### मौसम का ताजा अपडेट

आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक मानसून टर्फ की उत्तरी सीमा बीकानेर, ग्वालियर, प्रयागराज, डाल्टागंज, दीघा से होता हुआ उत्तरपूर्व बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। जिससे बंगाल की खाड़ी की तरफ से नमी वाली मानसूनी हवाएं हरियाणा की तरफ लगातार आने की संभावना है। राजस्थान के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने से राज्य में मानसून की सक्रियता 18 जुलाई तक बनी रहेगी। इस दौरान मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने तथा ज्यादातर क्षेत्रों में बीच बीच में हवाओं व गरजचमक के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कुछेक स्थानों पर तेज बारिश की भी आशंका मौसम विभाग ने जताई है। विभाग का कहना है कि वातावरण में नमी की अधिकता बनी रहेगी।

### एकल विंडो सिस्टम करेगा काम

प्रशासन ने सभी उपमंडल अधिकारियों को बाढ़ बचाव व जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एकल विंडो प्रणाली के तहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत बाढ़ व जलभराव की शिकायतों का निपटान अपने स्तर पर एकल विंडो प्रणाली के तहत करेंगे। इसके अलावा सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता को भी निर्देश दिए गए हैं कि बाढ़ व जलभराव की शिकायतों के निपटान के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों की कमेटी बनाकर जल निकासी के पुख्ता प्रबंध करें। इसके साथ-साथ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि शहरी क्षेत्र में जहां जलभराव होने की संभावना है उन्हें चिन्हित करके पंप सेट लगाएं ताकि तुरंत जल निकासी की जा सके।

# राजीव गांधी खेल परिसर में जूडो सेंटर के आठ खिलाड़ियों ने किया शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में हुई हरियाणा राज्य उप जूनियर कुराश प्रतियोगिता 2025-26 में राजीव गांधी खेल परिसर में जूडों सेंटर के आठ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। कोच विकास मलिक ने बताया कि सब जूनियर लड़कों के 40 किलो भार वर्ग में हीरेन सहारण ने स्वर्ण पदक, साकेत ने 35 किलो भार वर्ग स्वर्ण पदक और लड़कियों में 32 किलों भार वर्ग में रिया ने स्वर्ण पदक व समीक्षा, इराइवी, इशांत ने रजत पदक व अवनी, सोनाक्षी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।



वहीं, हीरेन साहरण, रिया, साकेत, इराइवी, समीक्षा, इशांत का चयन नेशनल कुराश प्रतियोगिता के लिए हुआ।

# इंडस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लहराया परचम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा छठीं के रेहान ने राज्यस्तरीय कुराश प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल और कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा झंकार ने अंडर-17 वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा छठीं के छात्र क्रिंतिन ने जिला स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर माता-पिता को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने बच्चों को बधाई दी व अन्य छात्रों को भी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# नगर निगम ने 113 शौचालयों की सफाई के लिए 1.19 करोड़ की ई-निविदा जारी

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा शौचालयों की सफाई एंव उनकी देख-रेख के कार्य हेतु ई-निविदा की गई थी जिसमें नगर निगम क्षेत्र में स्थित 113 शौचालयों की सफाई एंव उनके देख-रेख के कार्य करवाया जाना है। नगर निगम द्वारा निविदा खोली जा चुकी है जिसको नियमानुसार स्वीकृति के लिए संबंधित अधीक्षण अभियंता को भेजा चुका है। इस कार्य की समयावधि एक साल की है तथा इस कार्य में लगभग 1 करोड़ 19 लाख रूपये का खर्चा आने की संभावना है।

इस निविदा के होने से शौचालयों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी व आमजन को काफी सुविधा मिलेगी। वर्तमान में नगर निगम द्वारा स्वयं ही शौचालयों की सफाई का कार्य किया जा रहा है, इस निविदा के होने से शौचालयों पर लगे कर्मचारियो को सफाई कार्य में लगाए जाएंगें तथा सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार किया जाएगा। निगम द्वारा घर-घर से कूड़ा उठाने के संसाधनो को बढवाया गया है तथा कार्य की निरंतर निगरानी की जा रही है।

### गोमाता के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर जगपाल मग्गों समाज सेवा एवं गऊ सेवा समिति द्वारा आंवल परिसर में पौधारोपण कर एक अनुकरणीय पहल की गई। इस अभियान को स्थानीय स्तर पर एक पेड़ गोमाता के नाम के रूप में विशेष रूप से गौसेवा से जोड़ा गया और कई छायादार पौधों का रोपण किया। जिससे गाय भविष्य में छाया में विश्राम कर सकें।

# लोगों ने विकास कार्यों की जांच कराने की मांग रखी

**सांपला।** कस्बे में सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर मंगलवार को लोगों ने एसडीएम उत्सव आनंद को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि नालों, सीवर व नगर पालिका में विकास कार्यों में हों रहे भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए। अधिकारी ने नगर पालिका अधिकारी को तुरंत नालों की सफाई संबंधित रिपोर्ट तलब की। वायस चेयरमैन योगेश कुमार व कई पार्षद और लोग सोमवार को नगर पालिका में धरने पर बैठे और प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया था। मंगलवार को भी लोग धरने पर बैठने को लेकर नगर पालिका पहुंचे। चेयरपर्सन पूजा इंदौरा ने लोगों को पालिका कार्यालय परिसर में बैठने से रोक दिया। उन्होंने कहा कि आप कार्यालय से बाहर बैठे। उसके बाद लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम उत्सव आनंद को ज्ञापन दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

आपातकाल लगाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन

# नगर पालिका कार्यालय में लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

देश में आपातकाल लगाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा नागरिकों को जागरूक करने के लिए 10 दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इस प्रदर्शनी का उपमंडल अधिकारी (नागरिक) मुकुंद ने शुभारंभ किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। स्थानीय नगरपालिका कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में एसडीम मुकुंद ने कहा कि 10 दिवसीय प्रदर्शनी में देश में प्राचीन काल से लोकतंत्र की जड़े विकसित होने से लेकर लोकतांत्रिक परंपराओं के मूल में बसे जन केंद्रित दृष्टिकोण व जनभागीदारी के अलावा श्रेणीसंघ में लोकतंत्र के महत्व व प्रतिनिधित्व के दिशा निर्देश देते हुए उथिरामेरुर के शिलालेख भी प्रदर्शित किए गए है। प्रदर्शनी में परामर्शी प्रथाओं में सामुदायिक भागीदारी से प्रभावित शासन, ग्रामीण व शहरी इलाकों में लोकतंत्र, स्वतंत्र भारत व संसदीय प्रणाली, आपातकाल से ठीक पहले की गतिविधियों व आपातकाल के दौरान देशवासियों पर किए गए अत्याचारों, विभिन्न जन आंदोलनों को प्रदर्शित किया गया है। एसडीएम मुकुंद ने कहा कि इस प्रदर्शनी में सरकार द्वारा सुशासन के लिए की गई नई पहल, संविधान व कानूनी अधिकारों की समझ को लोकप्रिय बनाने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता व जवाबदेही के लिए गए निर्णय को भी दर्शाया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका के उपप्रधान बसंत लाल गिरधर, जेई अनिल, पार्षद अनिल चावरिया, जय नारायण दहिया, बॉबी, समाजसेवी संजय शर्मा, सेनेट्री इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत समेत कई शहरवासी मौजूद थे।



**महम।** रिबन काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते एसडीएम मुकुंद व उनके साथ मौजूद जनप्रतिनिधि।



**महम।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते एसडीएम मुकुंद व अन्य।

# जिला पुस्तकालय ने मनाया स्थापना दिवस



**रोहतक।** जिला पुस्तकालय ने 54 वां स्थापना दिवस डीडीओ डॉ. सुदेश खत्री लाठर की देखरेख में एक विशेष कार्यक्रम के साथ मनाया। इस अवसर पर लगभग 60 पुस्तकालय सदस्यों और कर्मचारियों ने भाग लिया। जिला पुस्तकालय रोहतक की स्थापना 14 जुलाई 1971 को हुई थी।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नशा मुक्ति जागरूकता अभियान था। पुस्तकालय के कनिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष सुरेंद्र खरब ने नशे से बचने के तरीकों और इसके दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से नशे से दूर रहने का आग्रह किया। इस दौरान नशा मुक्त भारत बनाएं और नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलाएं जैसे नारे लगाए गए, और सभी उपस्थित लोगों ने नशा न करने की प्रतिज्ञा ली। सुरेंद्र खरब ने पुस्तकालय की सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में 60,000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं और यह वातानुकूलित रीडिंग रूम, आरओ पेयजल, और एक स्वच्छ तथा शांत अध्ययन वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से इन सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में रमेश कुमार, विजेंद्र कुमार, उत्तरा कुमार, आरती, प्रतिमा और दिलबाग सिंह सहित पुस्तकालय के सभी सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे।